केंद्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली

कक्षा -8

विषय-हिंदी

द्वितीय सावधिक- परीक्षा

सत्र -2022 -23

समय-1:30 पूर्णांक -40

1.दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछें गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदानप्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

1. शिक्षक होता है।

(क) राजनेता (ख) साहित्यकार

(ग) अभिनेता (घ) कवि

2.बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?

(क) अप्रचलित (ख) प्रचलित

(ग) क्लिष्ट (घ ) रहस्यमयी

3.शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए?

(क) सोच-समझकर (ख) ज्यादा

(ग) बिना सोचे-समझे (घ) तुरंत

4. बातचीत में आदान-प्रदान होता है–

(क) केवल विचारों का (ख) केवल भाषा का

(ग) केवल व्यक्तित्व का (घ) विचारों एवं व्यक्तित्व का

5.उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है

(क) बातचीत की कला (ख) शब्दों का चयन

(ग) साहित्यिक भाषा (घ) व्यक्तित्व का प्रभाव

(खण्ड-ब)

2. उपसर्ग की परिभाषा लिखिए। (2×1=2)

3. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से प्रत्यय शब्द बनाइए।(1×3=3)

(क )ता (ख)इक (ग) ना

5.अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पत्र लिखिए।(5×1=5)

अथवा

अपने मित्र को नव वर्ष पर शुभकामना पत्र लिखिए

6. निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।(5×1=5)

(क) दीपावली (ख) दशहरा (ग) परिश्रम का महत्व

(खण्ड-ग)

7. दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान ।<br>
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान ॥ 1 ॥<br>
आवत गारी एक है, उलटत होई अनेक।<br>
कह कबीर नहीं उलटिए, वही एक ही एक ॥ 2 ॥

1.साधु का महत्त्व निम्न में से किस चीज से है ?
(क) उसके कपड़ो से  (ख) उसकी जाति से
(ग) उसके ज्ञान से  (घ) उसके बल से
2.तलवार का मोल करने से कविता का क्या आशय है।
(क) महत्त्व की बात अपनाओं, असार बातों को छोड़
(ख) तलवार कीमती होती है उसकी पहचान नहीं होती
(ग) तलवार बिना शक्ति की पहचान नहीं होती
(घ) तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं
3.कबीर ने पहली साखी में किसका विरोध किया है ?
(क) साधु का  (ख) जाति-पाँति का
(ग) भगवें वस्त्रों का  (घ) म्यान का
4.यदि कोई हमें गाली दे तो हमें क्या करना चाहिए
(क) ईंट का जबाव पत्थर से देना चाहिए
(ख) कायर नहीं बनना चाहिए
(ग) चुप रहना चाहिए
(घ) उसको अनेक गलियाँ देनी चाहिए
5.गाली एक ही एक कब रही सकती है ?
(क) यदि हम बदलें में एक गाली दे
(ख) यदि हम ईंट का जबाव पत्थर से दे
(ग) यदि हम छिप कर बैठ जाए
(घ) यदि हम गाली को न उलटे
8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(3×2=6)
(क) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं। पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
(ख) पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
(ग)द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे? सुदामा के मन की दुविधा को अपने शब्दों में प्रकट कीजिए।
9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2×2=4)
(क)आपके विचार से लेखक 'जंजीरों' द्वारा किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है?
(ख)साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?
(ग)शुरूआत में पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध किया परंतु आर. साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया, क्यों?
10. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×5=5)
1.मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद कौन से शासक आए?
(क) कुषाण  (ख) शुंगवंश  (ग) हूण  (घ) शक
2.कुषाणों का लोकप्रिय राजा कौन था?
(क) अशोक  (ख) जरथुष्ट्र
(ग) कनिष्क  (घ) नागार्जुन
3.प्राचीन नाटकों की भाषा कैसी थी?
(क) हिंदी  (ख) संस्कृत
(ग) उर्दू  (घ) परसियन
4.हर्षवर्धन ने अपनी राजधानी कहाँ बनाया?
(क) कर्नाटक  (ख) जयपुर
(ग) इंद्रप्रस्थ  (घ) उज्जयिनी

5.'बुद्धचरित' किसके द्वारा रचित रचना है
(क)अश्वघोष द्वारा (ख)कालिदास द्वारा
(ग)हर्षवर्धन द्वारा (घ)भास द्वारा